मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-26
16/01/2026

# मकर संक्रांति के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री नितिन नवीन द्वारा आयोजित दही–चूड़ा भोज कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 16 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज मकर संक्रांति के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री नितिन नवीन के आवास 3 टेलर रोड में दही–चूड़ा भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री नितिन नवीन ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी, जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******